<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 27.08.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध।**
2. **राज्य के थानों में सीसीटीवी लगाने में देरी पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, चार सप्ताह में कैमरे लगाने और 30 सितंबर तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश।**
3. **झारखंड में खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ कांग्रेस के कार्यक्रमों पर भाजपा ने जताई आपत्ति, कहा– जनता को गुमराह कर रही है कांग्रेस।**
4. **साहिबगंज में गंगा नदी खतरे के निशान से 55 सेंटीमीटर ऊपर, प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री बांटकर लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की।**
5. **मौसम विभाग का अलर्ट, कल रांची समेत झारखंड के सात जिलों में भारी बारिश की संभावना; तेज हवाओं और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी।**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार, 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल ढांचा विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर सहयोग मिले।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों से जीवन बदलता है और देश का गौरव बढ़ता है।

********************

आदित्यपुर में आयोजित **'माई भारत–खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम** में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि खेल चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से समर्पण, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की अपील की।

********************

राज्य के थानों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। जेएलकेएम नेता तरुण महतो की थाना में पिटाई के मामले में स्वतः संज्ञान पर मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सुनवाई की। अदालत ने आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना नोटिस भी जारी किया और चार सप्ताह में थानों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया। मामले में 30 सितंबर तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। इसकी अगली सुनवाई 17 सितंबर को निर्धारित की गई है।

********************

खान और खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ राज्य में कांग्रेस के चल रहे कार्यक्रमों पर प्रदेश भाजपा ने आपत्ति जताई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इन कार्यक्रमों के जरिए जनता को गुमराह कर रही है और झारखंड में बड़े पैमाने पर खनिज संपदा की लूट हो रही है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर कहा कि एमएमडीआर संशोधन का विरोध कांग्रेस का राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि झारखंड के अधिकार, राजस्व, आदिवासी हित और खनिज संपदा की रक्षा की लड़ाई है।

********************

बेरमो में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मृतिका के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए, बल्कि निष्पक्ष और गंभीरता से जांच की जानी चाहिए।

********************

साहिबगंज में गंगा नदी का जलस्तर आज दोपहर दो बजे 27 दशमलव 80 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से 55 सेंटीमीटर ऊपर है। जिला प्रशासन ने कारगिल दियारा, लाल बथानी दियारा और मखमलपुर सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सूखा भोजन, चूड़ा–गुड़, मोमबत्ती और तिरपाल वितरित किए। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। किसी भी आकस्मिक स्थिति में कंट्रोल रूम के नंबरों पर सूचना देने को कहा गया है।

********************

जामताड़ा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के दावा–आपत्ति की सुनवाई की जा रही है। जामताड़ा महाविद्यालय परिसर के मतदान केंद्र संख्या 267, 268 और 269 पर एसडीएम अनंत कुमार ने दावा–आपत्तियों की सुनवाई की। उन्होंने साक्ष्यों के आधार पर योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश दिया।

********************

गिरिडीह में भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अब आश्वासन से काम नहीं चलेगा और छात्रों की मांगों पर सरकार को ठोस कदम उठाना होगा।

********************

दुमका जिले के विश्वप्रसिद्ध बासुकीनाथ राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव का कल सावन पूर्णिमा के अवसर पर समापन होगा। मेला क्षेत्र के मयूराक्षी कला मंच पर दोपहर तीन बजे समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। पिछले 29 दिनों में करीब 60 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारी नाथ का जलाभिषेक किया है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

********************

राज्य में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने कल से 31 अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश, तेज हवाएं और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। कल हजारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा, बोकारो, रामगढ़, रांची और खूंटी में भारी बारिश की संभावना है। वहीं 29 अगस्त को चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह तथा 30—31 अगस्त को दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला—खरसावां में भारी बारिश हो सकती है।

*********समाप्त**********